भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 899

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

रय्या-डेरा बाबा नानक गलियारे का राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकास

899. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के पवित्र जन्मस्थल रय्या, राष्ट्रीय राजमार्ग- 503डी (एनएच-503डी) को डेरा बाबा नानक से जोड़ने वाले रय्या-डेरा बाबा नानक गलियारे को उनकी सर्वोच्च शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि के रूप में राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने और विकसित करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से या अन्यथा मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार अथवा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कोई प्रशासनिक स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति अथवा प्रारंभिक तकनीकी मंज़ूरी जारी की गई है तथा इसकी अनुमानित लागत, आबंटित धनराशि तथा संबंधित बजट शीर्ष का ब्यौरा क्या है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सर्वेक्षण कार्य, डीपीआर उन्नयन तैयार करने, चौड़ीकरण या निर्माण हेतु कोई निविदा, ईओआई या आरएफपी जारी की गई हैं तथा किन एजेंसियों ने भाग लिया और उनका चयन किया गया तथा उनके दायित्व और समय-सीमा क्या हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या परियोजना को विलंब, भूमि अथवा पर्यावरणीय मुद्दों, तकनीकी बाधाओं अथवा प्रशासनिक अड़चनों का सामना करना पड़ा है और इसके समाधान के लिए क्या उपचारात्मक उपाय किए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने इस परियोजना के पूरा होने की अनुमानित तिथि तय कर दी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) पंजाब राज्य में ब्यास के निकट (रय्या के निकट) एनएच-3 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर बाबा बकाला, मेहता (एनएच-503ए पर), बटाला (एनएच-54 पर) को जोड़ते हुए डेरा बाबा नानक के निकट एनएच-354 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाले राजमार्ग को एनएच-503डी के रूप में घोषित किया गया है और सरकार ने उपरोक्त गलियारे के चार लेन के कार्य को पहले ही मंज़ूरी दे दी है।

निर्माण कार्य दो पैकेजों में किया जा रहा है और ये कार्य मुख्य रूप से अधिग्रहित मार्गाधिकार के अंतर्गत भूमि पर कब्जे के मुद्दों, विद्युत उपयोगिताओं और सिंचाई नहर संरेखण से संबंधित अवरोधों के कारण विलंबित हो रहे हैं, जिसके लिए पंजाब राज्य सरकार से सहायता मांगी गई है। कार्यान्वयन एजेंसी अर्थात भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), उपरोक्त अवरोधों के समाधान हेतु स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ नियमित रूप से समन्वय कर रहा है, ताकि परियोजना को शीघ्र पूरा किया जा सके। कार्य की स्थिति और समापन की अपेक्षित तिथि अनुलग्नक में संलग्न है।

अनुलग्नक

रय्या-डेरा बाबा नानक गलियारे का राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकास के संबंध में श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा दिनांक 04.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 899 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पैकेज का नाम	लंबाई (किमी)	स्वीकृत पूँजीगत लागत (**करोड़** रूपये)	स्वीकृति की तिथि	एलओए की तिथि	संविदाकार (मैसर्स)	नियत तिथि	निर्धारित समापन तिथि	कार्य की प्रगति	संभावित समापन तिथि
पैकेज-I: ब्यास के निकट जालंधर-अमृतसर राजमार्ग (एनएच-3) के चौराहे से लेकर अच्छल गांव के पास बटाला बाईपास की शुरुआत तक	31.3	809.51	18.08.21	25.03.22	गणेशगढ़िया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड	22.06.23	21.06.25	62%	31.12.2026
पैकेज-I: बटाला बाइपास की शुरुआत से लेकर डेरा बाबा नानक के निकट अजनाला गुरदासपुर राजमार्ग (एनएच 354) के साथ चौराहे तक	47.8*	1003.38	21.10.21	31.03.22	वराह इंफ्रा लिमिटेड	22.06.23	21.06.25	75%	31.05.2026

* भूमि अधिग्रहण के दौरान किसानों के प्रतिरोध के कारण बटाला बाईपास के लिए 10 किलोमीटर लंबाई को कार्यक्षेत्र से हटा दिया गया था, इसलिए संशोधित परियोजना की लंबाई 37.8 किलोमीटर है।

*****